# साइक्लोथॉन रैली के बाद निगम ने यात्रा प्रभारी रवि दांगी का चालान काटा



इन्दौर- (अनिल बैरागी) देश के सबसे स्वच्छ शहर इन्दौर में स्वच्छता नियमों को लेकर प्रशासन का सख्त रवैया एक बार फिर सामने आया है। रीगल चौराहे पर आयोजित एक साइक्लोथॉन रैली के संपन्न होने के बाद वहां फैले कचरे को लेकर नगर निगम ने तुरंत दंडात्मक कार्रवाई की। यह कदम किसी व्यक्ति या संगठन के विरोध में नहीं, बल्कि शहर की ऐतिहासिक स्वच्छता रैंकिंग और नियमों को बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

निष्पक्ष प्रशासनिक कार्रवाई के मुख्य बिंदुनियमों के तहत कार्रवाई- रैली के रीगल चौराहे से रवाना होने के बाद वहां डिस्पोजल और अन्य कचरा बिखरा रह गया था। शहर की सफाई व्यवस्था को देखते हुए निगम की टीम ने इसे तत्काल संज्ञान में लिया।यात्रा प्रभारी का चालान- नियमों के दायरे में रहते हुए नगर निगम ने कार्यक्रम के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे यात्रा प्रभारी रवि दांगी के नाम पर स्पॉट फाइन का चालान जारी किया।अधिकारियों द्वारा पुष्टि- इस पूरी प्रशासनिक कार्रवाई की जानकारी जोन 11 के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक शैलेशपाल द्वारा निष्पक्ष रूप से साझा की गई है।

# पवित्र संकल्प के साथ जय अग्रसेन खाटू श्यामजी पैनल मैदान में उतरी

इंदौर । अग्रवाल समाज की शीर्ष संस्था श्री अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के 26 जुलाई को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में समाज के अनुभवी, ऊर्जावान और बेदाग छवि के समर्पित सेवाभावी बंधुओं ने 卐जय अग्रसेन खाटू श्यामजी पैनल卐 के नाम से चुनाव मैदान में उतरने का निश्चय किया है।



समाज के अंतिम छोर पर खड़े बंधु से लेकर समाज की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई और नए आयाम प्रदान करने के पवित्र संकल्प के साथ इस पैनल के सभी 21 उम्मीदवारों ने मंगलवार को खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर गणेशजी एवं कुलदेवी महालक्ष्मी से समाज में खुशहाली, सदभाव और समृद्धि के साथ ही सबको सदबुद्धि देने की प्रार्थना की।

पैनल संयोजक गणेश गोयल, गोविन्द सिंघल एवं संजय बांकडा (तीनों अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष) ने बताया कि पैनल में अध्यक्ष पद के लिए श्याम सुन्दर गोयल (संजय गोयल अनाज मंडी), महामंत्री के लिए नवीन बागड़ी, संयोजक हेतु राजेश इंजीनियर, सहसंयोजक के लिए रीतेश मित्तल बारदान एवं कोषाध्यक्ष के लिए प्रयोग गर्ग, पुरुष उपाध्यक्ष के लिए दिनेश बंसल जूनी इंदौर, महिला उपाध्यक्ष हेतु पिंकी रवि अग्रवाल, सहमंत्री हेतु अंकित अग्रवाल काका तथा कार्यकारिणी के लिए अजय मंगल, अमित अग्रवाल चाय, जयंत अग्रवाल महू, राजेंद्र अग्रवाल टीटू, रत्नेश गोयल, रीतेश राजवंशी, सचिन अग्रवाल फायर, संजय बद्रुका, सुनील अग्रवाल भांगघोटा एवं महिला कार्यकारिणी के लिए किरण गयाप्रसाद तायल, संगीता मनोज गुप्ता एवं शीतल रवि अग्रवाल ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं।

खजराना गणेश मंदिर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल, गोविन्द मोरनी, गोविन्द मंगल (मंगलश्री), किशनलाल गुप्ता, संदीप ऑटो, दिलीप अग्रवाल पंचायत, गोविन्द गर्ग भमौरी, अजय गोयल, अजय मित्तल (नंदानगर साई मंदिर), पवन ऐरन, मोहनलाल अग्रवाल, अग्रसेन यूथ क्लब के सचिव सौरभ गोयल बालाजी, किशनलाल गुप्ता, नितिन एयरपोर्ट, अजय अग्रवाल मालवा मिल, रीतेश तायल स्नेह नगर, पुनीत गर्ग छावनी, आशीष बद्रुका, अतुल गर्ग, सोनू अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, घनश्याम गोयल, राजेश मित्तल तथा मातृशक्ति की ओर से पुष्पा गुप्ता, निर्मला जिन्दल, पूर्व पार्षद मीना अग्रवाल, आभा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विभिन्न अग्रवाल संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे जिन्होंने कुलदेवी महालक्ष्मी की साक्षी में पैनल के सभी प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया और सभी उम्मीदवारों को हरसंभव सहयोग करने का वचन दिया।

# विद्यार्थियों ने देखा लाइव कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी, विशेषज्ञों से पूछे रोचक प्रश्न

इन्दौर (नवीन मौर्य) । चोइथराम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (सीएचआरसी) के 47 वें स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत मंगलवार, 14 जुलाई 2026 को कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए लाइव कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी का विशेष शैक्षणिक प्रदर्शन आयोजित किया गया।



डॉ. अनिल कुमार लखवानी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, श्रवण पुनर्वास तथा ईएनटी चिकित्सा की उन्नत प्रक्रियाओं से परिचित कराना एवं चिकित्सा विज्ञान के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना था।

अस्पताल के ऑडिटोरियम में आयोजित शैक्षणिक सत्र में वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. समीर निवसकर, डॉ. नितिका यादव एवं डॉ. रिचा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सुनने की क्षमता में कमी, कॉक्लियर इम्प्लांट की आवश्यकता, सर्जरी की प्रक्रिया, इसके लाभ तथा ऑपरेशन के बाद पुनर्वास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

वहीं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश दुधिया ने सर्जरी के दौरान एनेस्थीसिया की भूमिका एवं मरीज की सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा की।

इस दौरान विशेषज्ञों ने सर्जरी के प्रत्येक चरण को सरल भाषा में समझाया तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्र इब्राहिम रावतवाला ने प्रश्न किया कि बहरापन (सुनने में असमर्थता) और मूकता (बोलने में असमर्थता) एक-दूसरे से किस प्रकार जुड़े हुए हैं।

इस पर विशेषज्ञ चिकित्सक ने बताया कि यदि कोई बच्चा जन्म से या कम उम्र में सुनने में असमर्थ होता है, तो वह ध्वनियों को सुन नहीं पाता, जिसके कारण भाषा का विकास प्रभावित होता है और बोलने की क्षमता भी विकसित नहीं हो पाती।

सनमती हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हर्षिता जैन ने पूछा कि क्या सर्जरी के दौरान कभी ऐसी स्थिति आती है, जब ऑपरेशन के समय मिली नई जानकारी के आधार पर सर्जिकल प्लान में बदलाव करना पड़ता है।

विशेषज्ञ ने बताया कि कुछ मामलों में ऑपरेशन के दौरान रोगी की शारीरिक स्थिति या अन्य चिकित्सकीय तथ्यों के आधार पर सर्जिकल योजना में आवश्यक परिवर्तन करना पड़ सकता है।

गरिमा विद्या मंदिर की छात्रा दीपिका शर्मा ने प्रश्न किया कि क्या मरीज सर्जरी के तुरंत बाद सुन सकता है। इस पर चिकित्सक ने बताया कि कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के तुरंत बाद सुनाई देना शुरू नहीं होता।

# स्कीम न 71 में निर्मित जैन साधना भवन स्थानक का लोकार्पण किया गया

इंदौर । पश्चिम क्षेत्र में 12 करोड़ रुपये की लागत से गौतम मुनि की प्रेरणा से निर्मित मध्य प्रदेश का सबसे विशाल एव सर्वसुविधा सम्पन्न 6 मंजिला स्थानक भवन का लोकार्पण उपाध्याय प्रभाकर अरुण मुनि, एवं निमाड़ गौरव रमणीक कुंवरजी म. सा आदि ठाणा के सानिध्य मे हुआ ।



भवन के मुख्य लाभार्थी, दानवीर, सेठ जसवंतलाल शाह टूवा वाला (मुंबई) थे। इस मौके पर

ट्रस्ट द्वारा शाह को जैन रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र लोढ़ा परिवार को मुख्य प्रवचन हाल, महेश डाकोलिया एवं बाबूलाल पितलिया परिवार को मुख्य द्वारा एवं सुभाष वन्यायक्या का भोजन शाला का लाभार्थी बनने का अवसर मिला।

अभिनंदन समारोह ब्लू लोटस गार्डन पर सम्पन्न हुआ।धर्मसभा को जसवंतसिंह महेश डाकोलिया, राजें लोढ़ा, सरक्षक बाबूलाल पितलिया, कार्याध्यक्ष अनिल बरडिया एवं सुभाष वनायक्या द्वारा संबोधित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सुभाष वन्यायक्या द्वारा किया गया।गौतम प्रसादी, महेश डाकोलिया एव राजेंद्र लोढ़ा परिवार द्वारा रखी गई थी।

# आषाढ़ी अमावस्या पर छावनी में विशाल भंडारा आयोजित



इंदौर। आषाढ़ी अमावस्या के पावन पर्व पर श्री राधाकृष्ण सेवा समिति ने छावनी में विशाल भंडारा आयोजित किया। यह जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष गोपालदास मंगल (मंगल स्वीट्स) ने बताया कि प्रारंभ में भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू किया गया। समाजसेवी श्री के.सी.जैन (कटारिया) जी के स्व. माता पिता की स्मृति में आयोजित इस भंडारे में लगभग पंद्रह सौ भक्तों ने शुद्ध घी से निर्मित प्रसाद ग्रहण किया। गगन मंगल ने बताया कि शुद्ध घी से निर्मित भंडारे में मावाबाटी, मटर पनीर सब्जी, पूरी, आलुबड़े का वितरण किया गया। इस अवसर पर विनोद ओमप्रभात, कैलाश गोयल, सतीश खंडेलवाल, बुरहानुद्दीन शकरुवाला उपस्थित थे।

# लंदन में आयोजित इंडिया डे 2026 में इंदौर की डॉ. श्वेता कौल झा ने किया प्रतिनिधित्व



इंदौर। शहर की वरिष्ठ स्त्री एवं इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ. श्वेता कौल झा ने लंदन में आयोजित FOGSI–AICC RCOG IRAS इंडिया डे 2026 में फैकल्टी के रूप में सहभागिता कर मध्यप्रदेश एवं इंदौर का गौरव बढ़ाया। यह अंतरराष्ट्रीय मंच महिलाओं के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और वैश्विक सहयोग को समर्पित रहा, जिसमें भारत और यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में डॉ. श्वेता कौल झा ने वर्तमान समय में मेडिकल प्रैक्टिस में सोशल मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया चिकित्सकों के लिए जनजागरूकता, सही स्वास्थ्य जानकारी के प्रसार, मरीजों से संवाद तथा प्रोफेशनल ब्रांडिंग का प्रभावी माध्यम बन चुका है। पैनल का उत्कृष्ट संचालन डॉ. जयदीप टांक ने किया। डॉ. श्वेता ने कार्यक्रम की सफलता के लिए डॉ. भास्कर पाल, डॉ. सुवर्णा खाडिलकर, डॉ. उमा राम, डॉ. अमीत पाटकी तथा डॉ. दिब्येंदु दत्ता के दूरदर्शी नेतृत्व एवं समर्पण की सराहना की।

# अभिलेष ठक्कर युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

इन्दौर। लंबे समय से सामाजिक एवं जनसंपर्क गतिविधियों में सक्रिय इंदौर निवासी अभिलेष ठक्कर को अखिल औदीच्य ब्राह्मण महासभा ने युवा इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।



महासभा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार उन्हें समाज के संगठन विस्तार, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा समाज सेवा के कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

संस्था ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में युवा इकाई समाजहित के कार्यों को नई गति देगी। नियुक्ति पर समाजजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ठक्कर को प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा का करीबी माना जाता हैं।

# गुमाश्ता नगर स्थित तिरूपति बालाजी वेंकटेश मंदिर में 16 जुलाई को निकलेगी रथयात्रा




इंदौर। परम्परानुसार गुमाश्ता नगर स्थित तिरूपति बालाजी वेंकटेश मंदिर में रथयात्रा महोत्सव उत्सवपूर्वक मनाया जाएगा। गुरूवार 16 जुलाई को आयोजित इस उत्सव में प्रातः 9.30 बजे भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष मंदिर में भगवान बालाजी के नयनाभिराम दर्शन जगन्नाथपुरी के सदृश्य भव्य रथ में होंगे। देवस्थान ट्रस्ट के पुरूषोत्तम पसारी व लक्ष्मण पटवा ने बताया कि झालरिया पीठाधीश्वर स्वामी घनश्यामाचार्य के पावन मार्गदर्शन में यह रथयात्रा मंदिर परिसर में निकाली जाएगी। एक भव्य श्रृंगारित पालकी में भगवान बालाजी, श्रीदेवी व भूदेवी की उत्सव प्रतिमाएं विराजित होंगी जिनका आकर्षक श्रृंगार भी किया जायेगा। यह यात्रा मंदिर परिसर में भ्रमण करेंगी।

इस बार जगन्नाथपुरी की रथयात्रा के सदृश्य एक विशाल रथ का निर्माण किया जा रहा है, जो 20 फ़ीट ऊंचा तथा 20 फ़ीट चौड़ा होगा तथा यह रथ 10 पहियों का होगा। इस रथ का नाम नंदीघोष रथ रखा गया है. इस रथ के अंदर से भक्तों को भगवान बालाजी के मनोहारी दर्शन होंगे। रथ के निर्माण में माधव इंदौरी, अर्पित मूंदड़ा, पुरुषोत्तम मूंदड़ा एवं श्री धर धाम सेवा समिति के कार्यकर्ता के साथ सीमा मूंदड़ा, मिनल झंवर, देवयानी बेटव, रचना वर्मा, मोनिता जाजू जुटे हुए हैं।

# श्री राम मंदिर पंचकुइया में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को

इंदौर। पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को मनाया जाएगा। 304 वर्षों की प्राचीन गुरु गादी और चरण पादुका का पूजन होगा।



गुरु पूर्णिमा पर सबसे पहले साकेतवासी महामंडलेश्वर श्री लक्ष्मणदास महाराज सहित पूर्व श्रीमहंतो का पाद पूजन होगा, उसके बाद वर्तमान पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज का गुरु पाद पूजन शिष्य करेंगे।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर सुबह 08 बजे गुरु गादी परंपरा के अनुसार इस मंदिर के प्रथम श्रीमहंत प्रहलादास महाराज, द्वितीय श्रीमहंत ठाकुरदास महाराज, तृतीय श्रीमहंत मोहनदास महाराज, चतुर्थ श्रीमहंत बालमुकन्ददास महाराज और पांचवें श्रीमहंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज की चरण पादुका का पूजन वेद मंत्रों के बीच किया जाएगा। उसके पश्चात मंदिर के पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर रामगोपालदास महाराज का साधु संतो के सानिध्य में आचार्य व पंडितों के वैदिक मन्त्रोच्चार से भक्तों द्वारा गुरु पाद पूजन विधि विधान से किया जाएगा व महाराज का तिलक लगाकर भक्त आरती उतारेंगे व भक्तों को गुरु दीक्षा का मंत्र भी दिया जाएगा। भगवान टीकमजी महाराज का दरबार भी मोगरे के फूलों से सजेगा। गुरु पाद पूजन का सिलसिला सुबह 9 बजे से देर शाम लगातर चलेगा। श्री राम मंदिर पंचकुइया आश्रम में गुरू गादी परंपरा का लगातर निर्वाह हो रहा है और निरंतर यह परंपरा का निर्वाह होता रहेगा। साकेतवासी महामण्डलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज पांचवें श्रीमहंत के रूप में कई सदी से चली आ रही गुरु गादी परपंरा का निर्वाह कर रहे थे। वह राम नाम की गुरु दक्षिणा देकर शिष्यों को गुरु की महिमा के पदचिन्हों पर चलने की शिक्षा दे रहे थे। दिसंबर 2022 में उनका साकेतवास हो गया।

# पटवारी की साइकिल रैली का किया स्वागत

देवास पवनयादव । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की साइकिल रैली के देवास आगमन पर जिला न्यायालय परिसर के सामने कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, प्रवीण शर्मा एडवोकेट, जाहिद पठान एडवोकेट, रोशन रायकवार, परवेज़ शेख आदि सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सभी ने श्री पटवारी का पुष्पमालाओं एवं पुष्पवर्षा से आत्मीय स्वागत किया तथा उनके जनसंपर्क अभियान और जनहित के संदेश के प्रति अपना समर्थन एवं विश्वास व्यक्त किया।

